डी.ए.वी. बी. आर. पब्लिक स्कूल, बीना
सत्र-2024-2025
अर्धवार्षिक परीक्षा/आवधिक जांच-2
नमूना प्रश्नपत्र

कक्षा:छठी **विषय:हिंदी**

समयावधि :-2घंटे **पूर्णांक: -50**

खंड–क

प्रश्न-1 अपठित गद्यांश को पढ़कर बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दीजिये- **1x5=5**

सच्चा मित्र वही होता है जो मित्र के हृदय में वास करता है, उस से अत्यधिक प्रेम करता है, उसके दुख में दुखी व सुख में सुख का अनुभव करता है। सच्चा मित्र ही अपने मित्र की गलतियों को सुधारता है। उसके मन में मित्र के प्रति किसी प्रकार का स्वार्थ, चालाकी व बेईमानी नहीं होती।

क सच्चा मित्र कैसा होता है?

i कक्षा में निवास करता है
ii हृदय में वास करता है
iii घर में निवास करता है
iv विद्यालय में निवास करता है

ख सच्चे मित्र के मन में कौन–से गलत विचार नहीं होते?

i स्वार्थ
ii चालाकी
iii बेईमानी
iv स्वार्थ,चालाकी,बेईमानी

ग उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक दीजिए?

i सच्चा मित्र
ii अच्छा मित्र
iii मेरा मित्र
iv मेरा दोस्त

घ कौन हमारी गलती को सुधारता है ?

i मेरा मित्र
ii अच्छा मित्र
iii सच्चा मित्र
iv मेरा दोस्त

ड़ कौन सबसे ज्यादा प्रेम करता है ?

i मित्र
ii मित्र का भाई
iii मित्र की माँ
iv मित्र के पिता

प्रश्न-2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर बहु वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखिए- **1x5=5**

बात सभी ने यह है मानी

हवा सुबह की बड़ी सुहानी
सदा ताजगी देती है यह
आलस को हर लेती है यह
यह रोगी ना होने देती
तनिक न सेहत खोने देती
सुबह सैर पर जाकर देखो
हवा निराली पाकर देखो
अगर सैर पर नित जाओगे
अच्छी सेहत तुम पाओगे

क **इस कविता में किसका गुणगान किया गया है?**
i सुबह ii हवा iii सेहत

ख **सुबह की हवा के बारे में क्या बताया गया है?**
i सुबह की हवा ताजगी देती है
ii सुबह की हवा पैसे देती है
iii सुबह की हवा रोगी बनती है

ग **सुबह सैर पर जाने से क्या लाभ मिलेगा?**
i आराम ii दोस्त iii अच्छा स्वास्थ्य मिलेगा

घ **इस कविता का शीर्षक क्या है?**
i सुबह की हवा ii सुबह की सैर iii अच्छी सेहत एक वरदान

ड़ **सुबह इस शब्द का विलोम क्या होगा?**
i दिन ii रात iii शाम

खंड-ख

प्रश्न-3 **निम्नलिखित प्रश्नों की सही उत्तर चुनकर लिखें** **1x10=10**

क बच्चे पार्क में खेल रहे थे| इस वाक्य में कौन सा काल है?
i भूतकाल ii वर्तमान काल iii भविष्य काल

ख 'अंधकार' का पर्यायवाची क्या है?
i धूप ii आंधी iii तम

ग आलस्य का विलोम क्या होगा?
i स्फूर्ति ii आलसी iii पहलवान

घ 'आंख' का बहुवचन क्या होगा?
iआखें ii आंखें iii अखियां

ड़ 'जिसके आने की तिथि निश्चित न हो' उसे क्या कहते हैं?
i साप्ताहिक ii आतिथि iii अतिथि

च जो शब्द विशेषण की विशेषता बताते हैं ,उन्हें क्या कहते हैं?
विशेषण विशेष्य प्रविशेषण

छ पांच बच्चों ने गाना गाया | इस वाक्य में विशेषण का कौन सा भेद है ?
i गुणवाचक ii संख्या वाचक iii परिमाण वाचक

ज छठी कक्षा के बच्चे पढ़ रहे हैं इस वाक्य में विशेष्य छांटकर लिखिए?
i छठी ii बच्चे iii कक्षा

झ 'विद्वान ' शब्द का लिंग बदलकर लिखिए|
i विदुषी ii मूर्ख iii गुणवान

ञ रवि ने छोटे बालक को डूबने से बचाया |इस वाक्य में व्यक्तिवाचक संज्ञा क्या है?
i छोटे ii रवि iii बचाया

खंड-ग

प्रश्न-4 अति लघुत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (25-30 शब्द) **2×4=8**

क सज्जन व्यक्ति किस के लिए धन संचय करते हैं?

ख जानू क्या कहना चाहता था क्या उसकी इच्छा पूरी हुई?

ग छठे नौजवान ने राजा के सामने अपनी कौन सी अनोखी इच्छा रखी?

घ चंचल ने सत्यपाल को अखबार बेचने का क्या उपाय बताया?

प्रश्न-5 लघुत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए| (40-50 शब्द) **3×3=9**

क महिपाल सिंह ने बाएं हाथ से लिखने का अभ्यास किस प्रकार किया?

ख सुंदरलाल की आत्मग्लानि का क्या कारण था?

ग 'सच्चे बच्चे कितने अच्छे' प्रतियोगिता में सत्यपाल को कौन सा पुरस्कार मिला और क्यों?

प्रश्न-6 दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए| (60-70 शब्द) **3×1=3**

सुंदरलाल ने वृक्षों की कटाई रोकने के लिए कौन-कौन से कार्य किए?

अथवा

चंचल ने सत्यपाल को अखबार बेचने का क्या उपाय बताया?

खंडघ–

प्रश्न-7 नीचे दिए गए संज्ञा शब्दों का प्रयोग करते हुए अनुच्छेद लिखिए | **5x1=5**

(लाल किला,बच्चे,फूल,पेड़-पौधे ,खाना ,पानी)

प्रश्न-8 छात्रवृत्ति के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए|(80-100 शब्द) **5x1=5**

अथवा

विद्यालय में नजानू कवि बना शीर्षक नाटक का मंचन किया जायेगा |इसकी सूचना विद्यालय के सभी छात्रों को देनी है|इस सूचना में शामिल किये जाने बाले बिन्दुओं के बारे में सोचिये और सूचना लिखिए |

अथवा

सीखो कविता से आपने क्या-क्या सीखा ?उसे डायरी के रूप में लिखिए

****